दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 62
मुरादाबाद
22 June 2025
(Sunday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## हिमालय से समुद्र तक योगमय हुआ भारत; शाह बोले- मन और शरीर के बीच एकता लाता है योग



भारत ही नहीं दुनियाभर में आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर भारत को दुनियाभर में योग सॉफ्ट पावर का प्रदर्शन करेगा। इस अवसर पर 191 देशों के 1,300 शहरों में योग को लेकर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इन आयोजनों के माध्यम से देश की प्राचीन परंपरा और सौम्य शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। अहमदाबाद में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि योग मन, शरीर और मस्तिष्क के बीच एकता लाता है। आज की दुनिया में योग दुनिया भर के लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन रहा है।अहमदाबाद में केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योग किया। गुजरात के लोगों ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड वडनगर में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक रिचर्ड स्टनिंग ने कहा कि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का खिताब सबसे ज्यादा लोगों द्वारा योग में कोबरा मुद्रा करने का है। हमने दिशा-निर्देश तय किया कि सभी को इसे कम से कम एक मिनट तक करना है। हमने 250 प्रतिभागियों का न्यूनतम लक्ष्य रखा था। आज उन्होंने इसे एक मिनट से ज्यादा समय यानि दो मिनट और नौ सेकेंड तक किया और कुल 2185 थे। हमें 64 प्रतिभागियों को छोड़ना पड़ा। इसलिए 2121 प्रतिभागियों ने उपलब्धि हासिल की। हमने न्यूनतम 250 निर्धारित किए थे इसलिए यह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई और यह एक शानदार उपलब्धि है।इंफाल पूर्व में वन(एम) एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेट और अधिकारियों ने मार्जिंग पोलो प्रतिमा पर योग किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने यहां सेना के जवानों से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर में उनके प्रयासों की सराहना की। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपकी बहादुरी की पूरे देश में प्रशंसा की जाती है। मैं भारतीय सेना की वीरता और साहस को सलाम करता हूं। उन्होंने संदेश दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को भारत की संस्कृति और भावना से जोड़ना ही योग का सार है। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे और पार्टी नेता शाइना एनसी योगदिवस पर मुंबई के मरीन ड्राइव में योग सत्र में भाग लिया। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने योग दिवस पर पुणे में सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय परिसर में योग सत्र में भाग लिया। जापान में भारतीय दूतावास ने टोक्यो में भी योग दिवस समारोह आयोजित किया गया। भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया कि जापान के प्रधानमंत्री की पत्नी मैडम योशिको इशिबा ने योग कार्यक्रम उद्घाटन किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री की पत्नी मैडम सातोको इवाया भी मौजूद थीं। राजदूत सिबी जॉर्ज ने दो हजार से ज्यादा योग प्रेमियों की सभा को संबोधित किया। साथ ही, रेवरेंड म्योकेन हयामा और रेवरेंड तोमोहिरो किमुरा ऑफ़ त्सुकिजी होंगवानजी, राजदूत मैडम जोइस सिबी की पत्नी, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, रेजिडेंट राजदूत और राजनयिक और जापान में भारत के मित्र भी मौजूद थे। लंदन में भारतीय उच्चायोग पर आयोजित योग कार्यक्रम में लोग शामिल हुए। एक प्रतिभागी ने कहा कि मैं रोज योग का अभ्यास करती हूं। योग मन के लिए है और मुझे अपने विचारों पर नियंत्रण रखने में मदद करता है। एक बार जब मैं अपने विचारों पर नियंत्रण रखूंगी, तो मैं जो कुछ भी कहूंगी और करूंगी और दूसरों के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करूंगी, उस पर भी मैं नियंत्रण रखूंगी।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई में योग किया।त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने अगरतला में योग किया।विशाखापत्तनम में योग सत्र के समापन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिभागियों से बातचीत की।देहरादून में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम तट पर ढ्हस् (भारतीय नौसेना जहाज) पर सवार भारतीय नौसेना के जवान योग दिवस समारोह में शामिल हुए। पूर्वी नौसेना कमान के 11,000 से अधिक नौसैनिक और उनके परिवार के सदस्य प्रधानमंत्री के साथ सुबह के योग सत्र में भाग ले रहे हैं। ये नौसैनिक प्रतिभागी 30 किलोमीटर लंबे आरके बीच के किनारे लगभग 10 बाड़ों में मौजूद हैं, जो ऐतिहासिक सभा का एक अभिन्न हिस्सा हैं। समुद्र में समानांतर प्रदर्शन में विशाखापत्तनम के पास लंगर डाले भारतीय नौसेना के जहाजों

## संक्षिप्त समाचार

### चेहरे पर वतन वापसी की खुशी...कोई अनंतनाग तो कोई हैदरपोरा उतरा; 90 कश्मीरी छात्र लौटे घर

ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से सुरक्षित निकाले गए 90 कश्मीरी विद्यार्थी दिल्ली से बस द्वारा श्रीनगर और आसपास के इलाकों में पहुंचे। छात्रों ने भयावह हालात साझा किए और सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया।ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान के युद्धग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित निकाले गए कश्मीरी विद्यार्थियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह श्रीनगर पहुंचा। घर पहुंचते ही विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। हालांकि अनंतनाग के रहने वाले कुछ विद्यार्थी रास्ते में ही उतर गए। कई विद्यार्थी रास्ते में अपने घरों के पास उतरे। श्रीनगर तक खाली बस ही पहुंची। उन्होंने ईरान के भयावह हालात के बारे में भी बताया। सुरक्षित वापसी के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया।जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अनुसार, ईरान में करीब डेढ़ हजार कश्मीरी छात्र पढ़ते हैं। इनमें से एक हजार तेहरान में रहते हैं। 110 भारतीय विद्यार्थियों को वीरवार को दिल्ली लाया गया था। इनमें 90 कश्मीरी थे, जिन्हें बस से उनके घर पहुंचाया गया है। दिल्ली में जर्जर बसों को देख विद्यार्थियों ने रोष जताया था। तब तुरंत नई बसों का इंतजाम किया गया।बहुत डर गए थे, तीन दिनबाद ईरान से निकाला बहिश्ता इन्हीं में से एक बस शुक्रवार को सुबह आठ बजे श्रीनगर पहुंची। हैदरपोरा निवासी बहिश्ता ने बताया कि वह ईरान में उर्मिया यूनिवर्सिटी में मेडिकल की छात्रा हैं। वह अपने छात्रावास में थी, जब हमला हुआ। सभी छात्राएं काफी डरी हुईं थीं।

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना, कहा- उनको नारे लगाने में महारत, समस्या समाधान में नहीं



मेक इन इंडिया योजना को लेकर पीएम को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है। उन्होंने सवाल उठाया कि चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है?कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मेक इन इंडिया योजना को लेकर पीएम को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को नारे लगाने में महारत हासिल है। समस्याओं का समाधान करने में नहीं। एक्स पर पोस्ट में युवाओं के साथ बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि मेक इन इंडिया से फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है? मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था में 14त्न तक गिर गया है।पोस्ट में साझा किए गए वीडियों में दिखाया गया है कि राहुल गांधी नेहरू प्लेस नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने देश के आर्थिक मॉडल की आलोचना की। कांग्रेस नेता ने कहा, कि नेहरू प्लेस नई दिल्ली में मैं शिवम और सैफ से मिला। उज्ज्वल, कुशल, संभावनाओं से भरे फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है- हम संयोजन करते हैं, हम आयात करते हैं, लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई नया विचार नहीं है और उन्होंने भारत के उद्योगों को बढ़ाने की कोशिश छोड़ दी है। महत्वपूर्ण पीएलआई योजना को भी चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने भारतीय उत्पादकों से ईमानदार सुधारों और वित्तीय सहायता के साथ मदद करने के लिए बड़े बदलावों का आह्वान किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भारत अपने उद्योगों का निर्माण नहीं करता है, तो वह अन्य देशों से खरीदता रहेगा। समय बीत रहा है।

## नीतीश कुमार सरकार का बड़ा एलान; वृद्ध, दिव्यांग के साथ विधवा महिलाओं का पेंशन बढ़कर 1100 किया गया



बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने बुजुर्गों दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के लिए पेंशन राशि बढ़ा दी है। पहले यह 400 रुपये थी, अब इसे 1100 रुपये कर दिया गया है।बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारवासियों के लिए बड़ा एलान किया है। सीएम नीतीश कुमार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी।इतने लाभार्थियों को मिलेगी मदद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया जाएगा। इससे एक करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।तेजस्वी ने 1500 रुपये करने की बात कही है इस मामले को लेकर लगातार तेजस्वी यादव सीएम नीतीश कुमार को घेरते रहे हैं। विधानसभा बजट सत्र के दौरान भी तेजस्वी यादव ने कहा था कि हमलोग चाहते हैं सरकार बजट में वृद्धा पेंशन, दिव्यांगों के लिए पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाए। पिछले 20 साल में सीएम नीतीश कुमार ने इस 400 रुपये की राशि नहीं बढ़ाई है। महंगाई इतनी बढ़ गई है लेकिन सरकार ने गरीब बुजुर्गों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी नहीं हुई।सीएम नीतीश कुमार को भारत सरकार का डाटा पढ़ना चाहिए।

## गोरखपुर में सीएम तो लखनऊ में डिप्टी सीएम ने किया योग, आयोजित हुए सैकड़ों कार्यक्रम



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में आयोजन हुए।हुए। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया गया। राजनीतिक दलों के लोगों से लेकर आम आदमी तक ने इन कार्यक्रमों में शिरकत की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में योग किया तो वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में योगाभ्यास किया।गोमती नगर स्थित अंबेडकर पार्क में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता नीरज सिंह एमएलसी मुकेश शर्मा, संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह मौजूद रहे। राज्यपाल आंनदीबेन पटेल ने राजभवन में किया योग। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहीं।अंबेडकर पार्क में बड़ी संख्या में योग करने आए लोग। योग दिवस पर बोले सीएम योगी आदित्यनाथ- स्वस्थ शरीर से ही पूरे होते हैं सपने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है, तभी व्यक्ति अपने सपनों को पूरा कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग सिर्फ व्यायाम नहीं, बल्कि आत्मा की शक्ति को बढ़ाने का माध्यम है। यह हमारे ऋषियों की परंपरा है, जिसे वेदों, पुराणों और शास्त्रों ने आज तक जीवित रखा है। इसके साथ ही योगी आदित्यनाथ ने सभी से अपील की कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं ताकि शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहें।नगर निगम कार्यालय के सेकेंड फ्लोर पर अंतर-राष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते महापौर, नगर आयुक्त, अधिकारी और कर्मचारीगण।। लखनऊ विवि कैंपस में हुआ योग दिवस का आयोजननगर निगम डिग्री कॉलेज में कराया गया योग डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया योग का महत्वलखनऊ में एक हजार से अधिक जगहों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण उत्तर प्रदेश दानिश आजाद अंसारी ने किया योग। राज्यसभा सांसद और लखनऊ के पूर्व मेयर दिनेश शर्मा ने किया योग। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ योग दिवस पर कार्यक्रम। डीजीपी मुख्यालय पर हुआ योग दिवस पर कार्यक्रम। शामिल हुए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी।

## योग दिवस पर भारत में बने वर्ल्ड रिकॉर्ड, गिनीज बुक में दर्ज हुआ गुजरात और आंध्र प्रदेश का नाम

11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के लिए खास रहा। भारत के दो राज्यों ने इस विशेष दिन बड़ी उपलब्धि हासिल की। आंध्र प्रदेश और गुजरात के लोगों ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। आइए जानते हैं कि दोनों राज्यों का नाम क्यों गिनीज बुक में दर्ज हुआ?पूरे देश में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की धूम रही। भारत ने योग दिवस पर विशेष उपलब्धि हासिल की। गुजरात और आंध्र प्रदेश ने योग में रिकॉर्ड कायम करते हुए गिनीज बुक में अपना नाम दर्ज कराया। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात और गृह नगर वडनगर ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। यहां दो हजार लोगों ने दो मिनट नौ सेकेंड तक भुजंगासन करके यह उपलब्धि हासिल की। वहीं आंध्र प्रदेश ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए। यहां तीन लाख लोगों ने एक साथ योग करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। वहीं 2,000 आदिवासी छात्रों ने एक साथ 108 मिनट में 108 सूर्य नमस्कार करके बड़ी उपलब्धि हासिल की। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक रिचर्ड स्टनिंग ने बताया कि योग में कोबरा मुद्रा (भुजंगासन) करने वाले सबसे अधिक लोगों का रिकॉर्ड शनिवार को बना। हमने रिकॉर्ड के लिए प्रतिभागियों की न्यूनतम संख्या 250 तय की थी। उन्हें कम से कम एक मिनट के लिए कोबरा मुद्रा में योग करना था। करीब 2184 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया और दो मिनट और नौ सेकेंड तक 2121 प्रतिभागियों ने योग किया।

संपादकीय Editorial

# PM's blunt words

Now India and its Prime Minister Modi should bury this issue. The opposition should also understand that this is not an issue of national interest. The opposition should also refrain from making funny comments in this context. Even if it gets a chance to come to power, what will the US President do if he maintains the same attitude? We have to say this because despite a 35-minute long conversation between Prime Minister Modi and President Trump on the phone, the US President is singing the same old, worn-out tune. Of course, Trump is the elected President of the world's most powerful and prosperous superpower, and Narendra Modi is also the elected Prime Minister of India, which has the largest population, the fastest growing economy and the world's largest market. India has its own sovereignty, security, thinking and territorial integrity. When Prime Minister Modi made it clear to President Trump that India neither accepts mediation, nor has it accepted anyone's mediation in stopping the Indo-Pak conflict and will never accept mediation, then what language does President Trump understand? Actually, we Indians are the progeny of the greatest Chanakya, we understand the essence and values of language very well. We cannot speak to any head of state or prime minister in such a language that Trump is a liar, he is speaking wrong.

This is the cultured language of our diplomacy, which has been expressed by Prime Minister Modi. It is interesting that during the telephonic conversation, President Trump, while returning from Canada, invited him to come to America, to which the Prime Minister expressed his inability in view of pre-scheduled programs. Heads of states and prime ministers are waiting in a queue to meet and talk with President Trump, but the fact that the Indian Prime Minister could show the courage to reject this invitation is the strength and status of India. While revealing to President Trump about 'Operation Sindoor' and Pakistan-sponsored terrorism, Prime Minister Modi also clarified that the pleading DGMO of Pakistan had appealed for talks and ceasefire, to which India's own DGMO had agreed to suspend military action. It is noteworthy that after 22nd April, the date of Pahalgam massacre, this is the first phone conversation between Prime Minister Modi and President Trump. Who was requested for mediation?

Prime Minister Modi also made it clear that terrorism is not a proxy war for India but a war and we will deal with terrorism on this basis in future. We believe that Trump must have understood this! If he still wants to keep singing the old tune and consider Pakistan as America's 'trusted partner', then it is his wish. President Trump has offered lunch to Pakistan's Field Marshal General Asim Munro in the 'White House', then it may be America's diplomatic, business and strategic compulsion. If America has to attack Iran, then it will need Pakistan's airbase and airspace.

Pakistan has a 900 km long border with Iran. Experts believe that the Noorkhan airbase, which was destroyed by India's air strikes, is under American control. Even the generals of Pakistan cannot enter there. However, it is being repaired. Apart from this, America has its eyes on the mineral resources of Pakistan. America has decided to make Pakistan the headquarters of crypto currency. President Trump's son and son-in-law will handle this business there. However, the country should accept the statements of the Prime Minister, Foreign Secretary, Foreign Ministry spokesperson, because they are the Indian government. Now we should wait for the Parliament session to say and hear everything.

# Thoughts: Importance of India in an ageing world, the number of elderly people is constantly increasing in the country

At present, the percentage of people above 60 years of age in the country's population is 9.5. In 2036, the population of such people will increase to 13.9 percent. The fourth report is from the United Nations Population Fund (UNFPA). It has been said that in the next 25 years, the share of people above 60 years of age in India's population will reach 20.8 percent. The notification for the 16th census in the country has been issued. This will be the first census in the country, where the data will be collected on a digital basis and not on paper and pen. This census to be conducted after 2011 will also include caste count. This census will give a clear picture of poverty, education, income of people, sex ratio, caste, creed, rich-poverty, young-old etc. in India. We are still a young country, but the recent reports related to sex ratio in the country assess the increasing population of elderly people in the country. Attention should be paid to this. The first report has been published in a journal called Places. Its data shows that today every fourth-fifth elderly person in India is struggling with problems like loss of memory, not being able to use language properly, weakening of the ability to think and understand and take decisions. The second report has been released by the State Bank of India. According to this, the average age of India's working population will increase from 24 years in 2021 to 28-29 years in 2026. Today, the average working age in China is 39.5 years. Whereas in Europe it is 42 years, in North America it is 38 and in Asia it is 32 years. At the global level, this average age has been recorded as 30.4 years. The SBI report indicates that the population of children between zero and fourteen years is declining in India. Their population which was 36.4 crores in 1991 is going to decrease to 34 crores in 2026. Their share in the population which was 37 percent in 1991 will decrease to 24.3 percent in the year 2026. Thus, the population of people above 60 years of age has doubled in the last two and a half decades. This means that the elderly population which was 7.9 crores in 2001 will increase to around 15 crores in the year 2026. These will include 7.7 crore men and 7.3 crore women. Similarly, the working population of the country which was 58.6 crores in the year 2001 is estimated to increase to 91 crores in 2026. It is believed that in the next census, 67 percent of the total population of the country will be of working people. In this context, the third report has been published by the Ministry of Statistics of the Central Government. It shows that by 2036, the population of children and adolescents will decline in the country and the number of elderly and middle-aged people will increase. According to this report, the share of children below 15 years of age in the population was 26.2 percent in 2021, but it will decrease to 20.6 percent in 2026. The share of people in the age group of 35-49 in the population was 19.1 percent in 2021, but the percentage of this age group will increase to 23 percent in 2026. Currently, the percentage of people above 60 years of age in the country's population is 9.5. In 2036, the population of such people will increase to 13.9 percent. The fourth report is from the United Nations Population Fund (UNFPA). It says that in the next 25 years, the share of people above 60 years of age in India's population will reach 20.8 percent. That is, every fifth person in the country will be in the category of elderly. Between 2024-2050, the country's total population will increase by only 18 percent, but the elderly population will increase by 134 percent. According to this report, the elderly population in India was 14.9 crores by 2022-2023. That is, their share in the total population was 10.5 percent. In this way, 16 elderly people are dependent on 100 working people in the country. Due to this, there is a possibility of the balance between working youth and elderly people getting disturbed in the country. Recently, the latest demographic report of the United Nations has revealed that by the end of 2025, India's population will reach the highest in the world at 1.46 billion. This report indicates major changes in the country's population structure, fertility and life expectancy in the future. The essence of the above reports is that if the number of elderly people is increasing in India, then at present the number of working young men and women is also increasing in a much greater proportion than that. Today, the birth rate and population growth rate in BRICS countries are decreasing year after year. In countries like Japan, France, Germany, Australia and Britain, the rate of population growth has almost become zero. Undoubtedly, in future the number of elderly people will increase and the working population will keep decreasing. Due to this, their production will automatically decrease. In future, India will be prominent among those countries where the working young population will be the highest. For the developed India that Prime Minister Modi is envisioning by 2047, if the energy, power, enthusiasm and capability of the youth will be useful for the country, then in the same proportion the experience of the senior citizens will also act as a guide in the construction of India. Nevertheless, today's need is that along with a better future for the youth, there should also be arrangements for socio-economic security for the senior citizens.

# Opinion: US-Pakistan together again, India will have to gear up for a long diplomatic and military battle

If Trump is to be believed, he invited Munir to the US to thank him for Pakistan avoiding a war with India. Trump praised Munir's alleged wisdom and compared him to Indian Prime Minister Narendra Modi, saying that due to the maturity of both, the US prevented a nuclear war in South Asia. Karl Marx had said, 'History repeats itself - first as tragedy and then as farce.' US President Donald Trump made Marx's statement relevant by inviting Pakistani Army Chief and Field Marshal General Asim Munir, who had a hardline jihadi mindset, to dinner at the White House and offering deep strategic coordination with Pakistan. In 1980-88, US President Ronald Reagan embraced the then Pakistani dictator General Zia-ul-Haq. Then President George W. Bush also embraced General Pervez Musharraf. Has the third chapter of this dangerous game being played every 20 years begun now? In comparison to General Zia and Musharraf, Munir is not the formal head of state of Pakistan, but he enjoys the same status. America is trying to bring Pakistan closer to itself afresh on the basis of geopolitical arguments that have been presented in the past. Reagan needed Zia because he wanted to push back the Soviet Union from Afghanistan, Pakistan's neighbouring country. America needed Mujahideen to fight as its allies. Pakistan provided them. Zia himself was of Jihadi nature. At one time, he had called for Jihad against India with the intention of capturing Kashmir. America had ignored it then because its aim was to fight communism. Like Reagan, Bush also used Pakistan for change in Afghanistan by giving billions of dollars of economic and military aid to Musharraf. At that time America had to topple the government of the fanatic Jihadi Taliban, which had sheltered Osama bin Laden, responsible for the 9/11 attacks in America. Armed with US money and weapons, Pakistan proved its usefulness both times, but also played a double game. It spread jihadist poison in South Asia while keeping the US happy to some extent. Tired of its hypocrisy, Trump completely stopped military aid to Pakistan during his first term. Trump, who called Pakistan a 'liar and a cheater' in 2018, is praising it today. In fact, there has been such a turn in world politics again, when the US needs Pakistan to achieve its geopolitical goals. That is why it is wooing it. Israel, America's closest ally, has attacked Pakistan's neighbour Iran. The ultimate aim of this attack is a coup in Tehran. Trump discussed Iran in the meeting with Munir and also said that Pakistan 'agrees with me' on this matter. The US feels that Sunni Pakistan can be used as a front line to end the dictatorship of a supreme leader like Ayatollah Ali Khamenei in Shia Iran. The US also praised Pakistan for becoming Washington's 'unprecedented partner' in capturing and killing Islamic State terrorists on the Afghan-Pakistan border. India fears that all this may lead the US to overlook Pakistan's barbaric terrorist acts like Pahalgam. Although Trump promises support to India's anti-terror campaign and wants to bring India closer to face the challenge of China, it is clear that the strategy of superpowers is not limited to the interests of one country. At present, Washington's main goal is to deal with the change in Iran and the Islamic State which is waiting to attack America. If Munir makes a deal with Trump and Pakistan starts taking military material and economic benefits from America again, then America can also take Pakistan out of China's shadow. America's strategic goal is broad and multi-dimensional, which does not seem to match India's national security interests. If America succeeds in getting Pakistan out of the clutches of China, it will be beneficial for India, but if Pakistan dares to carry out a heinous Jihadi attack like Pahalgam in India after taking refuge in America, it will increase the danger to India. If Trump is to be believed, he invited Munir to America to thank him because Pakistan refrained from going to war with India. Trump praised Munir's alleged wisdom and compared him to Indian Prime Minister Narendra Modi and said that due to the maturity of both, America prevented a nuclear war in South Asia. To refute such baseless claims, Modi said clearly in a phone conversation with Trump that India does not accept the mediation of any country on Kashmir. At the G-7 summit in Canada, Modi also focused everyone's attention on the root of terrorism and criticized the double standards of developed countries on terrorism. He also said that developed countries impose economic sanctions on any country, but reward countries that openly support terrorism. The difference between terror and terrorism is selfish thinking. Due to this, the world community has not been able to control the problem of terrorism. India will have to keep trying to expose the terrorist face of Pakistan and keep it under control. India will have to face a long diplomatic-military crisis. We will have to gear up for the war because the well-known double standards of superpowers and the sell-out attitude of Pakistan make it clear that there are limits to international cooperation in curbing terrorism. The ultimate aim of this attack is a coup in Tehran. Trump discussed Iran in the meeting with Munir and also said that Pakistan 'agrees with me' on this matter. The US feels that Sunni Pakistan can be used as a front line to end the dictatorship of a supreme leader like Ayatollah Ali Khamenei in Shia Iran. The US also praised Pakistan for becoming Washington's 'unprecedented partner' in capturing and killing Islamic State terrorists on the Afghan-Pakistan border. India fears that all this may lead the US to overlook Pakistan's barbaric terrorist acts like Pahalgam. Although Trump promises support to India's anti-terror campaign and wants to bring India closer to face the challenge of China, it is clear that the strategy of superpowers is not limited to the interests of one country. At present, Washington's main goal is to deal with the change in Iran and the Islamic State which is waiting to attack America. If Munir makes a deal with Trump and Pakistan starts taking military material and economic benefits from America again, then America can also take Pakistan out of China's shadow.

# जिले के प्रभारी मंत्री और नोडल अधिकारी की मौजूदगी में कंपनी बाग में आयोजित हुआ 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## प्रभारी मंत्री ने कहा - अपनी दिनचर्या में शामिल करें योग

मुरादाबाद- 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुरादाबाद शहर स्थित कंपनी बाग परिसर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री अनिल कुमार, महापौर नगर निगम मुरादाबाद श्री विनोद अग्रवाल, विधायक नगर क्षेत्र श्री रितेश गुप्ता, विधायक कुंदरकी ठाकुर रामवीर सिंह, नोडल अधिकारी श्री पार्थसारथी सेन शर्मा, जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह तथा मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भारी संख्या में आमजन के साथ उपस्थित रहे। सभी ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर की। योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के अंतर्गत आयोजित इस योग दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशाखापत्तनम में लगभग तीन लाख लोगों के साथ योगाभ्यास किया। इस आयोजन का सीधा प्रसारण मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में भी दिखाया गया। कंपनी बाग में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अंतर्गत पादहस्तासन, त्रिकोणासन, अर्ध उष्ट्रासन, मकरासन, भुजंगासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम करवाए गए। प्रशिक्षकों ने इन आसनों के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की भी विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग निश्चित रूप से तनाव को दूर करता है। करें योग - रहें निरोग के मूल मंत्र को अपनाते हुए हम सभी को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई और आज पूरा विश्व जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर योग को अपना रहा है। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रभारी मंत्री और नोडल अधिकारी ने 'योग सप्ताह' के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग सत्रों में योगदान देने वाले प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने कंपनी बाग परिसर में वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी श्री सूरज, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) श्री गुलाब चंद, संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री आदित्य श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



## रामपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष ने चलाया रिक्शा, पूर्व मंत्री नकवी सवारी बन पहुंचे योग करने....

मुरादाबाद- पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रोशन बाग स्थित पार्क में आयोजित योग शिविर में रिक्शे से पहुंचे। रिक्शा भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार चला रहे थे। योग शिविर में समाज के प्रमुख लोगों के साथ योग कर नकवी ने योग को भारत की सदियों पुरानी धरोहर और वैश्विक संकटों में सकारात्मक सोच का सशक्त माध्यम बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी सिविल लाइन के रोशन बाग स्थित पार्क में चेतना योग संस्था के तत्वाधान में आयोजित योग शिविर में सुबह रिक्शे से पहुंचे। रिक्शा को भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार चला रहे थे।पूर्व मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रोशन बाग में समाज के प्रमुख लोगों के साथ योगासन किया। उन्होंने कहा कि सदियों पुराना जांचा, परखा, खरा यह प्रमाणित भारतीय हेल्थ हैंम्पर दुनियाभर के संकट के दौर में सकारात्मक सोच-समझ का सशक्त साधन है।हजारों साल पुरानी भारतीय धरोहर योग को महर्षि पतंजलि ने वैश्विक सेहत सलामती के साधन बनाने का जो सपना देखा था उसे नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ताकत मिली। नकवी ने कहा कि योग आज समाज के सेहत ही नहीं, सद्भाव और समरसता का बेहतरीन संसाधन साबित हो रहा है। योग सभी धर्मों ,जातियों और समाज को एक सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। योग शिविर के बाद रोशन बाग पार्क में पूर्व मंत्री ने नीम का पौध लगाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार, नगर विधायक आकाश सक्सेना, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, जागेश्वर दयाल दीक्षित मौजूद रहे। इसके अलावा कपिल आर्य, महा सिंह राजपूत, सुभाष भटनागर, जगपाल यादव, राजीव मांगलिक, डॉ संजीव अग्रवाल, टेकचंद गंगवार, अशोक बिश्नोई, मोहन लोधी, पंकज लोधी, रविंद्र सिंह रवि, अनुज सक्सेना उपस्थित रहे।





## युवक की पीट-पीटकर हत्या में साढ़ू का भाई गिरफ्तार, कई दिन से चल रहा था फरार...भेजा गया जेल

मुरादाबाद- युवक की पीटकर हत्या करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वह कई दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मूंढापांडे थानाक्षेत्र के नाजरपुर में पीट-पीटकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके साढ़ू के भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नाजरपुर निवासी दीनदयाल की पत्नी राखी ने उसके खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद राखी अपने बहनोई प्रेमपाल और बहन रानी के साथ हरथला कॉलोनी में उनके घर चली गई थी। राखी और उसकी बहन रानी, बहनोई प्रेमपाल के साथ छह जून को अपना सामान लेने नाजरपुर आई थी। वहां दीनदयाल से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। दीनदयाल और उसके भाई महेंद्र ने डंडे से राखी के बहनोई को पीट दिया था।जिससे उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने दीनदयाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि महेंद्र फरार चल रहा था। मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार शाम उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। युवक को घर में घुसकर पीटा- कटघर थाना क्षेत्र के करूला निवासी नावेद ने दर्ज कराए केस में बताया कि उसकी पत्नी महक मायके में रह रही थी। नावेद का दावा है कि उसे शिकायत मिली थी कि उसकी उसकी पत्नी की गतिविधियां ठीक नहीं हैं। उसने इसकी शिकायत पत्नी के मायके में की और उसे घर भेजने के लिए कहा। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे ही बुरा भला कहा और घर से धक्का देकर निकाल दिया। आरोप है कि बुधवार रात करीब एक बजे गुलाम साबिर, शारिक और अन्य लोग उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि गुलाम साबिर, शारिक, शहनाज, राविया और रुकसार के खिलाफ केस दर्ज किया है। देवर ने महिला से की छेड़खानी- मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने पति, देवर और ससुराल वालों पर केस दर्ज कराया है। जिसमें महिला ने बताया कि उसकी शादी 25 अप्रैल 2023 को बिजनौर के थाना चांदपुर क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के बाद पीड़िता अपने पति के साथ दिल्ली रहने लगी। आरोप है कि वहां देवर ने उसके साथ छेड़खानी की। पति से शिकायत की तो उसने विश्वास नहीं किया। इसके बाद वह अपने मायके में आ गई। पति ने तीन तलाक की धमकी भी दी है। मझोला प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।



## सोनम-मुस्कान की राह पर एक और बीवी- छोड़ दे मुझे नहीं तो आशिक से करा दूंगी हत्या, रंगेहाथ पकड़ी गई तो दी धमकी

मुरादाबाद-पीड़ित पति का आरोप है कि उसकी अनुपस्थिति में महिला ने अपने प्रेमी को घर बुला लिया। इसकी भनक लगने पर पति आ गया और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। पत्नी ने उसे धमकी दी है कि वह अपने प्रेमी से उसकी हत्या करा देगी।उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र में पति की गैरमौजूदगी में महिला ने अपने प्रेमी को घर बुला लिया। इसकी भनक लगने पर पति आ गया और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को चौकी ले आई। जहां घंटों चली पंचायत के बाद समझौता हो गया। महिला पति के साथ घर चली गई। आरोप है कि घर पहुंचकर महिला ने पति को धमकी दी है वह उसे छोड़ दे नहीं तो अपने प्रेमी से ही उसकी हत्या करा देगी। मझोला थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक की शादी दो साल पहले कुंदरकी क्षेत्र की युवती के साथ हुई थी। दंपती की एक बेटी है। युवक ने पुलिस को दिए प्रार्थनापत्र में बताया कि उसकी पत्नी किसी से फोन पर बात करती थी। उसने इसकी शिकायत ससुराल में की तो पत्नी के घरवाले उसे ही धमकाया कि अगर हमारी बेटी को बदनाम करोगे तो दहेज उत्पीड़न के केस में जेल भिजवा देंगे। इसके बाद युवक शांत हो गया और उसने पत्नी को टोकना भी बंद कर दिया।पति के ड्यूटी पर जाते ही घर में आ गया बीवी का आशिक बृहस्पतिवार सुबह वह ड्यूटी पर चला गया था। घर में उसकी पत्नी और बेटी मौजूद थी। सुबह करीब दस बजे एक अंजान युवक उसके घर में घुस आया। आस-पड़ोस के लोगों ने इसकी जानकारी युवक को दी। पति घर पहुंचा तो युवक उसके घर में पत्नी के साथ मौजूद मिला। शोर शराबा होने पर आस-पड़ोस के लोग भी आ गए और युवक को दबोच लिया। शादी से पहले से महिला से संपर्क में था सूचना मिलने पर पुलिस आ गई और दोनों पक्षों को पकड़कर चौकी ले गई। जहां पूछताछ करने पर युवक ने बताया कि वह शादी से पहले महिला के संपर्क में था। उसने ही कॉल कर उसे अपने घर बुलाया था। घंटों चली पंचायत के बाद महिला पति के साथ घर चली गई। इसके बाद युवक को भी पुलिस ने बिना कार्रवाई के छोड़ दिया। युवक का आरोप है कि घर पहुंचकर पत्नी ने उसे धमकी दी कि वह अपने प्रेमी से उसकी हत्या करा देगी। मझोला थाना प्रभारी आरपी शर्मा का कहना है कि दोनों के बीच समझौता हो गया। इसके बाद महिला पति के साथ चली गई थी। दोनों पक्षों ने कार्रवाई कराने से इन्कार कर दिया है।

## रामगंगा का जलस्तर बढ़ा, लकड़ी का पुल डूबा... आवाजाही प्रभावित, आनन-फानन अफसर पहुंचे


मुरादाबाद के बंगला गांव स्थित शिव विहार कॉलोनी में रामगंगा नदी पर बना लकड़ी का पुल जलस्तर बढ़ने के कारण डूब गया। यह पुल स्थानीय लोगों ने नट बाबा मंदिर के पास बनाया था। डीएम अनुज सिंह ने पीडब्ल्यूडी और पुलिस अधिकारियों को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ने पर बंगला गांव में शिव विहार कॉलोनी नटबाबा मंदिर के पास जलस्तर बढ़ने पर रामगंगा नदी पर बना लकड़ी का पुल डूब गया। जानकारी मिलने पर सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन सक्रिय हो गया। डीएम के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी और पुलिस ने मौके पर जाकर स्थिति के बारे में जानकारी ली। शिव विहार कॉलोनी में नट बाबा मंदिर के पास स्थानीय लोगों ने रामगंगा नदी पर लकड़ी का पुल बनाया था। इस पुल पर आसपास के लोगों का आवागमन काफी दिनों से चल रहा था। शुक्रवार को अचानक रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया। तेज बहाव के कारण लकड़ी का पुल क्षतिग्रस्त हो गया।स्थानीय लोग भी पानी बढ़ने से सतर्क हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहाड़ों पर बारिश की वजह से रामगंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है। शुक्रवार रात में जलस्तर बढ़ने की सूचना मिलने पर डीएम अनुज सिंह ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और एसपी सिटी को मौके का मुआयना करने के निर्देश दिए।अधीनस्थ अधिकारियों के निर्देश पर जिला प्रशासन शनिवार को सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी करेगा। लकड़ी के पुल पर आवागमन खतरनाक हो गया है। पिछले साल भी रामगंगा नदी का प्रवाह बढ़ने पर पुल टूट गया था।ठाकुरद्वारा में रामगंगा नदी का कटान रोकने की तैयारी शुरू रामगंगा नदी के कटान से बांध के टूटने की आशंका से कई गांवों को खतरा हो गया। नदी का कटान को रोकने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसडीएम ने डीएम के आदेश पर निरीक्षण किया। कटान से रामगंगा नदी के किनारे बसे गांवों को बचाने के लिए गांव बल्लभगढ़ से करीब डेढ़ किमी लंबा बांध स्थित है।बल्लभगढ़ के पास पिछले वर्ष 2024 में नदी ने कटान करना शुरू कर दिया था। इससे बांध टूटने की आशंका में कई गांवों को खतरा हो सकता था। डीएम के आदेश पर बाढ़ खंड विभाग ने गांव बल्लभगढ़ के पास रामगंगा नदी का कटान रोकने के लिए बांध पर 240 मीटर कटाब निरोधक का निर्माण किया है। निर्माण कार्य पूरा होने पर डीएम ने एसडीएम प्रीति सिंह को मौके का निरीक्षण का रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। इस पर एसडीएम बाढ़ खंड के जेई अरविंद कुमार के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने किए गए निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। एसडीएम में बताया कि निर्माण कार्य मौके पर मिला है। इस संबंध में डीएम को रिपोर्ट डीएम को भेजी जा रही है।सिंचाई विभाग के अभियंताओं ने जांचीं तटबंधों की खामियां लखनऊ सिंचाई विभाग से आई अभियंताओं की टीम ने शुक्रवार को जिले की नदियों के तटबंधों की खामियां जांचीं। टीम अपनी रिपोर्ट शासन को भेजेगी, ताकि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों की सुरक्षा का उपाय किया जा सके। लखनऊ से सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रभात कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम शुक्रवार को मुरादाबाद पहुंची। टीम ने कोसी नदी के अगापुर मंडौली तटबंध का निरीक्षण किया।इस नदी से मूंढापांडे के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## बूंदाबांदी से और बढ़ी उमस, तेज धूप ने निकाला पसीना

**बारिश न होने से किसानों व पशुपालकों को भी परेशानी**

मुरादाबाद- प्री मानसून में भी मुरादाबाद में बारिश न होने से लोग बेचैन हैं। शुक्रवार को सुबह हल्की बूंदाबांदी से उमस और बढ़ गई। तेज धूप ने लोगों के पसीने निकाल दिए। वहीं बारिश न होने से किसानों व पशुपालकों को भी परेशानी हो रही है। पानी के लिए मवेशी भी भटक रहे हैं। 22-23 जून को मानसून सक्रिय होने का अनुमान जताया जा रहा है। पूर्वांचल के कई जिलों में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश के लिए टकटकी लगी रही। मुरादाबाद में बारिश न होने से जन सामान्य के साथ किसानों व पशुपालकों को परेशानी हो रही है। किसानों को फसलों की अतिरिक्त सिंचाई करनी पड़ रही है। वहीं पशुपालकों को मवेशियों के लिए पानी के प्रबंध के लिए परेशान होना पड़ रहा है। शहर में भी धूप से दिन में सड़कों पर चहल पहल कम रही। ग्रीष्मावकाश में गर्मी के चलते बच्चे घरों में ही समय बिताने को मजबूर हैं। पार्क भी देर शाम तक सूने रह रहे हैं। शुक्रवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कमी के बाद भी उमस से बेचैनी बढ़ी। 22 से मानसून के सक्रिय होने का अनुमान- गोबिंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम विशेषज्ञ आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आर्द्रता 73 प्रतिशत रहा। 7.8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण पूर्व से हवा चली। दो मिलीमीटर बारिश हुई है। 21-22 को भी हल्के बादलों के बीच बूंदाबांदी या कहीं हल्की बारिश हो सकती है। 22 की रात या 23 जून से मानसून सक्रिय होने की पूरी संभावना है।नींद पूरी न होने से बढ़ रही अनिद्रा, चिड़चिड़ापन की दिक्कत रात में नींद पूरी न होने से लोगों में अनिद्रा, चिड़चिड़ापन की दिक्कत बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एनके मिश्र ने बताया कि इन दिनों मौसम के चलते बच्चों व बड़ों में डायरिया, बेचैनी, सांस फूलने, उल्टी दस्त, सिर दर्द व उच्च रक्तचाप की दिक्कत बढ़ रही है। हृदयरोगियों को सतर्क रहने की जरूरत है। तेज धूप में जाने से बचें। स्वच्छ व शुद्ध पानी पीएं। शीतल पेय पदार्थों का प्रयोग करें। गर्मी में कॉफी व अल्कोहल के सेवन से परहेज करें।



## पत्नी के प्रेमी ने पति पर किया फायर, दी जान से मारने की धमकी

कांठ- थाना क्षेत्र में पत्नी के प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर कहासुनी होने पर युवक पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। तमंचे से फायर कर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। थाना कांठ के ग्राम नसीरपुर निवासी खेमपाल सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि लगभग 2 साल से पड़ोसी गांव लकड़हैट थाना नौगांवा सादात निवासी पंकज पुत्र शिव कुमार सिंह से उसकी पत्नी का प्रेम प्रसंग चल रहा है। 15 जून को पंकज ग्राम नसीरपुर में चामुंडा पर भंडारे में आया था, जिसको लेकर खेमपाल और पंकज में गाली गलौच हो गई थी। इसी बात से नाराज होकर 19 जून को समय करीब 2¬15 बजे पंकज फिर नसीरपुर आया और अपने साथी भीम सिंह के साथ खेमपाल के घर के सामने पहुंचे और बाइक खड़ी करके उसके घर के सामने गाली गलौच कर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। खेमपाल की तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने दोनों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने आर्मी कैंट में किया योग शिविर का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हल्द्वानी आर्मी कैंट में योग शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था योगा प्रभारी धर्मा कुमारी सदस्य मनीष साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए हमें योग को अपनाना बहुत ही जरूरी है



क्योंकि योग वह क्रिया है जो शरीर के सभी अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित कर शरीर के साथ मन मस्तिक को प्रकृति से जोड़कर आन्तरिक और बाहरी ताकत को बढ़ावा देने का कार्य करता है और नियमित रूप से योग करने वाले व्यक्तियों के लिए योग एक बहुत ही अच्छा अभ्यास है जो सभी प्रकार की बीमारियों से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ जीवन शैली के साथ बेहतर जीवन जीने में हमारी सहायता कर हमें योग एकाग्रता सहनशीलता अध्यात्मिकता सामाजिकता से परिपूर्ण कर धर्महित समाजहित भारतहित में कार्य करने के लिए हमेशा प्रेरित करता है इसलिए योग प्राचीन समय से मनुष्य को प्रकृति द्वारा दिया गया बहुत ही महत्वपूर्ण और अनमोल उपहार है जो जीवन भर मनुष्य को दृढ़ संकल्पित कर प्रकृति के साथ हमेशा जोड़कर रखता है इसीलिए तो योग व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य स्थापित करता है इस दौरान योग करने में समस्त सैन्य अधिकारी गण सहित सैकड़ों जवान उपस्थित रहे इस दौरान योगा कराने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू योगा प्रभारी धर्मा कुमारी मनीष साहू जया जोशी पूर्णिमा रजवार रोहतास प्रजापति सूरज मिस्त्री दीपक कुमार सुशील राय उपस्थित रहे ।

# अपर सचिव से माध्यमिक शिक्षक के पदाधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली।उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने शनिवार को अपर सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय बरेली मुन्ने अली एवं सुरेन्द्र नाथ मिश्रा उप सचिव से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे मंडलीय मंत्री नरेश सिंह , जिला अध्यक्ष नवनीत कुमार शर्मा , जिला मंत्री मुन्नेश अग्निहोत्री , जिला कोषाध्यक्ष रामानंद कोली , जिला संयुक्त मंत्री आसिफ अली ,मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार शर्मा,के अलावा प्रबंधक तारा देवी गर्ल्स हाईस्कूल



फतेहगंज पश्चिमी सुनील कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार गुप्ता ने भी श्री अली से शिष्टाचार भेंट की। ज्ञात रहे श्री मुन्ने अली डीआईओएस रामपुर से प्रमोशन पाकर बरेली आए हैं। इसके डी आईओएस बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर के बीएसए मुरादाबाद,संभल, शाहजहांपुर, हरदोई जीआईसी में प्रधानाचार्य के अलावा डाइट प्रचार्य बरेली सीतापुर रह चुके हैं।श्री अली ने बताया शासन की मंशा अनुसार सभी कार्य किए जाएंगे। किसी की मनमानी एवं काम के प्रति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गुजरात की नौ युवतियों को राहगीरों से वसूली करने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच- पं सत्यमशर्मा

बरेली। आंवला क्षेत्र में कुछ युवतियां राहगीरों को रोककर रुपये वसूल रही थीं। कई राहगीरों ने रुपये देने से मना किया तो युवतियां अभद्रता करने लगीं। हंगामा और मार्ग पर जाम लगने पर पुलिस ने नौ युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में शांति भंग की कार्रवाई की गई है। पूछताछ में पता चला कि ये युवतियां गुजरात की रहने वाली हैं। चंदे के नाम पर लोगों से जबरन रुपये वसूलती हैं। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को आंवला-बदायूं रोड के




पनवड़िया गांव स्थित एक कॉलेज के समीप कुछ युवतियों का समूह राहगीरों को रोककर रुपये वसूल रहा था। युवतियां राहगीरों से अलग -अलग बहाना बना रही थीं। किसी से राजस्थान में सूखा पड़ने तो किसी से अनाथालय के नाम पर रुपये मांग रही थीं। आरोप है कि जो राहगीर रुपये नहीं देता था, उससे ये युवतियां अभद्रता कर रही थीं। कुछ राहगीरों से युवतियों की नोकझोंक होने और भीड़ एकत्र होने से मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। किसी राहगीर ने यूपी 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके से नौ युवतियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अन्य फरार हो गईं। पूछताछ में युवतियों ने अपने नाम उर्मी , नीतू बारोड, कुसुम, अंजली बारोड, मनीषा, पूनम बारोड, टीना निवासी बटबा दुर्गानगर अहमदाबाद गुजरात बताया है। पुलिस ने सभी युवतियों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि गुजरात की करीब 25 युवतियों का समूह राहगीरों को रोककर जबरन रुपये की वसूली कर रहा था। सूचना पर नौ युवतियों को गिरफ्तार कर खिलाफ शांति भंग कार्रवाई की गई है।

# राजश्री योगा पार्क में 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रतिभागी बने ''योग संगम'' का हिस्सा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राजश्री ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूशन बरेली के पीलीभीत रोड स्थित संस्थान परिसर में कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अन्तर्गत 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें राजश्री आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, बरेली सहित राजश्री महाविद्यालय, तकनीकि, प्रबन्धन, पॉलीटेक्निक, विधि, फार्मेसी, शिक्षण-प्रशिक्षण एवं आई0टी0आई0 संस्थानों के लगभग 500 छात्र-छात्राएं, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के सिग्नेचर ईवेंट ''योग संगम'' का हिस्सा बने। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने




कार्यक्रम के शुभारंभ की घोषणा की एवं राजश्री योग पार्क में उपस्थित सभी योग प्रेमियों को तन से मन को जोड़ने वाले योग को स्वस्थ रहने की भारतीय परम्परा बताया। वाइस चेयर पर्सन डॉ0 मोनिका अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अपने छात्र जीवन से ही योग को जीवन का अंग बनाते हुए सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर अपने लक्ष्य प्राप्ति को प्रेरित किया। विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय सचिव डॉ0 योगेश कुमार मिश्रा ने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए योग की वैश्विक अवधारणा पर मार्गदर्शन किया एवं अन्य वक्ता डॉ0 राजीव सक्सेना ने विश्व आयुर्वेद परिषद की कार्य प्रणाली से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। योग सप्ताह के अन्तर्गत 15 जून से 21 जून 2025 तक आयोजित प्रतियोगिताओं रंगोली में आकांक्षा, सुषमा, नेहा को विजेता एवं शिवांगी, मोहिनी, निदा, महविश को उपविजेता तथा पोस्टर मेकिंग में सावनी, शिवानी को प्रथम, सुषमा, आकांक्षा को द्वितीय व सेजल को तृतीय पुरूस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में डीन एकेडमिक्स डॉ. साकेत अग्रवाल, निदेशक डॉ. पंकज शर्मा, रजिस्ट्रार दुष्यंत माहेश्वरी, प्राचार्य डॉ0 आर0 के0 गुप्ता, डॉ0 सुमिता सिंह, डॉ0 अंकित सक्सेना, डॉ0 मधु शर्मा, डॉ0 अंकित चांडक सहित समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का योगदान रहा। योग दिवस का संचालन संयोजक डॉ0 स्वतंत्र गुप्ता ने किया।

# गैरहाजिर चल रहे सिपाही को एसएसपी अनुराग आर्य ने किया निलंबित

क्यूँ न लिखूँ सच
पं सत्यमशर्मा

बरेली। बिना कोई सूचना दिए सवा साल से ड्यूटी से गैरहाजिर रहना सिपाही को भारी पड़ गया। एसएसपी अनुराग आर्य ने आरोपी सिपाही को निलंबित कर दिया है। उसके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

थाना सिरौली में तैनात सिपाही कृपाल सिंह को पिछले साल 12 सितंबर को केंद्रीय कारागार की सुरक्षा ड्यूटी के लिए रवाना किया गया था। सात नवंबर को ड्यूटी समाप्त होने के बाद कृपाल सिंह इज्जतनगर से सिरौली के लिए रवाना हुआ लेकिन इसके बाद उसने थाने में वापसी दर्ज नहीं कराई। तब से सिपाही कृपाल सिंह गैरहाजिर है।

# थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अन्दर 01 नामजद वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

